# मुख्यमंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री से विभिन्न द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मामलों पर सारगर्भित चर्चा की।बैठक के उपरांत पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल और पंजाब के मध्य सदैव मधुर संबंध रहे हैं और इन दोनों ही राज्यों की साझा सांस्कृतिक विरासत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में जलविद्युत परियोजनाओं पर वाटर सेस सहित भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) और शानन जलविद्युत परियोजना तथा पर्यटन की विभिन्न परियोजनाओं पर विचार-विमर्श



किया गया।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जल उपकर के विषय में आज की बैठक में पुनः कुछ भ्रांतियों का निवारण किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश द्वारा लगाया जाने वाला जल उपकर, जल पर नहीं अपितु प्रदेश में कार्यरत जलविद्युत परियोजनाओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस जल उपकर से पंजाब तथा हरियाणा को कोई नुकसान नहीं होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि जल उपकर सहित विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं के विषय में समुचित विचार-विमर्श के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव तथा ऊर्जा सचिव एवं पंजाब के समकक्ष अधिकारियों की एक समिति गठित की जाएगी। यह समिति विभिन्न विषयों पर बातचीत कर मामलों को समयबद्ध निपटाएगी। समिति भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की परियोजनाओं पर भी चर्चा करेगी।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बैठक में शानन परियोजना के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। 110 मेगावाट की शानन परियोजना कि 99 वर्ष की लीज वर्ष 2024 में समाप्त हो रही है। बैठक में इस परियोजना के भविष्य के कार्यान्वयन के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आनंदपुर साहिब और माता नैना देवी के मध्य रोप.वे के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पंजाब के मुख्यमंत्री को हिमाचल आने का न्योता दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बैठक में जल उपकर एवं विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं सहित हिमाचल प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के विषय पर विस्तृत बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि हिमाचल एवं पंजाब भविष्य में धार्मिक पर्यटन की विभिन्न साझा परियोजनाओं पर एक साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जल उपकर के विषय में हिमाचल के मुख्यमंत्री ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, सहित आदि उपस्थित रहे।

## उपमंडल के गुम्मा में हुआ बड़ा देव हुरंग नारायण वजीर देव पशाकोट व देव गहरी का भव्य मिलन



**सुख समृद्धि का आशीर्वाद**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

उपमंडल जोगिंदरनगर के गुम्मा में चौहारघाटी के बड़ा देव हुरंग नारायण व बजीर नाम से विख्यात आराध्य देव पशाकोट व देव गहरी का भव्य मिलन हुआ। इस मौके पर देव परंपरा अनुसार देव गहरी ने दोनो देवो का स्वागत किया। इस मौके पर सैंकड़ों लोग इस देव परंपरा के गवाह बने व देवताओं ने देवलुओ के साथ नाटी भी डाली। एक अप्रैल को जोगिंदरनगर लघु शिवरात्रि मेले में तीनों देवता शिरकत करेंगे। ग्रामीणों ने देवता की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। इससे पहले दोनों देवता अपने अपने हार दौरे पर थे। जहां चौहारघाटी के देवाधिदेव हुरंग नारायण मेले की शोभायात्रा की आगवानी करेंगे अन्य देवता भी उनके साथ मेले में शिरकत करेंगे।

## पांच दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने गत दिवस को युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा पांच दिवसीय जिला स्तरीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी उर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर कुल्लू जिले को विकास की दृष्टि में अग्रणी बनाने के लिए आगे आए।उपायुक्त ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व युवाओं को नशे की आदत से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यदि जिला साफ.-सुथरा होगा तो अधिक से अधिक पर्यटक यहां आएंगे। जिससे जिले के लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को खुले में कचरा न डालने के लिए भी जागरूक करें करें ताकि आसपास का वातावरण स्वच्छ रहे सके। उन्होंने कहा कि युवा जनमत निर्माण में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने मे भी अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं व समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम आरम्भ किये गए हैं जिसकी जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने में युवा अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनसे लाभन्वित हो सके। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है ऐसे में युवाओं को सभी प्रकार की जानकारी होना आवश्यक है।इस अवसर पर युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागियो ने प्रशिक्षण के अनुभवों को भी सांझा किया।

## पुलिस पर हमला करने वाले गिरफ्तार: रमन कुमार मीणा





**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब में पुलिस हमले के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। यह बात एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने पत्रकारों से हुई बातचीत में कही। एसपी सिरमौर ने कहा कि इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुछ महिलाओं समेत अन्य लोग भी गिरफ्तार किया जा सकते है। एसपी ने कहा कि यह लोग कहाँ से आये है और यहां कब से रह रहे है इसकी पुलिस जांच कर रही है। एसपी ने कहा कि पुलिस का काम जोखिम भरा है उनको अपराधियो की धड़पकड़ के लिए हमेशा जोखिम उठाना पड़ता है। जिसको लेकर पुलिस हमेशा तैयार रहती है। उन्होंने कहा की शहर में शांति का माहौल है। पुलिस अपराध को रोकने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनता और अपराधी के बीच मे पुलिस हमेशा खड़ी है।

## दुर्गा अष्टमी को उमड़ा मंदिरों में जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

दुर्गा अष्टमी के दिन छोटीकाशी के विभिन्न देवालयों में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। छोटी काशी के बृजेश्वरी मंदिर तथा मां काली चामुंडा भगवती मंदिर व जिला सभी मंदिरों में दिनभर माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। बृजेश्वरी मंदिर में नवरात्रों के दौरान देश विदेशों से फू ल मंगवाकर मंदिर को सजाया जाता है तथा एक भव्य जागरण का भी आयोजन किया जाता है। चैत्र नवरात्र के अष्टम दिन महागौरी की पूजा अर्चना की जाती है। माना जाता है कि मां गौरी की पूजा अर्चना से सौभाग्य धनसंपदा में वृद्धि होती है। ऐसा भी माना जाता है



कि भगवान शिव ने जब काली स्वरूप पर गंगाजल छिडका था तो वह महागौरी के रूप में उत्पन्न हुई थी। महागौरी को सृष्टि का आधार माना जाता है तथा आज के दिन छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन भी किया जाता है। माता काली चामुंडा मंदिर के पुजारी दीपक शर्मा ने बताया कि मंदिर में नवरात्रों के 9 दिन विशेष रूप से माता की पूजा अर्चना की जाती है सुबह माता का स्नान श्रृंगार तथा आरती का आयोजन किया जाता है। दिनभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है और शाम के समय भी आरती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिर में पाठ और हवन यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा।

देवघर देव सत वाला कामेश्वर देवधार, नैना उग्रतारा नेत्र चांद माता कठवाड, ट्रोकड़ा दुर्गे देवनाल, माता बगलामुखी बाखली धार वह अन्य मंदिरों में भक्तों का अष्टमी के दिन तांता लगा रहा।

## लोकतंत्र प्रहरियों की सम्मान राशि बंद करने पर हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा इमरजेंसी के दौरान जेल में गए लोकतंत्र प्रहरियों की सम्मान राशि बंद करने के मुद्दे पर बुधवार को विधानसभा में एक बार फि र सदन का माहौल गरमाया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रश्नकाल के बाद प्वाइंट आफ आर्डर के माध्यम से सरकार द्वारा लोकतंत्र प्रहरियों की सम्मान राशि बंद करने का मामला उठाया और सरकार से जानना चाहा कि आखिर वह इनकी सम्मान राशि कब बहाल कर रही है। इसी दौरान जब विपक्ष को यह मामला उठाने की विधानसभा अध्यक्ष ने इजाजत नहीं दी तो सदन में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति पैदा हो गई और दोनों ओर से खूब हो-हल्ला हो गया। बाद में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा जयराम ठाकुर को यह मामला उठाने की अनुमति दे दी गई। इस पर जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड? वाले नेताओं को इमरजेंसी के दौरान जेल में डाला गया और उन पर मीसा जैसा सख्त कानून लगाया गया। हिमाचल में बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में लोग जेल में रखे गए। उन्होंने कहा कि इन लोकतंत्र प्रहरियों को सम्मान देने के लिए ही पूर्व सरकार ने सदन में विधेयक लाया और उसे कानून बनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र प्रहरियों की संख्या 80 से भी कम है और इन्हें 20 हजार तथा 12 हजार रुपए से भी कम की नाम मात्र की राशि दी जा रही थी। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर इस राशि से सरकार पर कितना वित्तीय बोझ पड़ रहा था। उन्होंने पूछा कि जिन लोगों ने अपना जीवन लोकतंत्र की रक्षा में लगा दिया, क्या उनको मिलने वाली राशि को सरकार बहाल करेगी। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर अव्यवहारिक करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को क्या करना है और क्या नहीं करना है, यह हमें देखना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बिल को वापस ले लिया है क्योंकि यह पूरी तरह से राजनीतिक था। उन्होंने कहा कि इस बिल से केवल राजनीतिक लोगों को लाभ मिला और इसमें पूर्व मंत्री तथा एमएलए तक शामिल थे। ऐसे में इस बिल का आम जनता से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि इमरजेंसी के दौरान केवल आरएसएस के लोग मीसा के तहत जेल गए थे, आम आदमी नहीं।

## विधानसभा की कार्यवाही देखने आए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला व्योलिया, शिमला के छात्र-छात्राएं

**8 छात्र-छात्राओं ने कुलदीप सिंह पठानिया से विधान सभा परिसर में भेंट कर विधान सभा की कार्य प्रणाली की जानकारी हासिल की**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस को पूर्वाह्न 10:30 बजे हिमाचल प्रदेश विधान सभा में चल रहे बजट सत्र को देखने आये राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिमला के छात्र-छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से विधान सभा परिसर में भेंट कर विधान सभा की कार्य प्रणाली की जानकारी हासिल की। इस



अवसर पर पठानिया ने आज होने वाली कार्यवाही के बारे अवगत करवाया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सदन ही एक ऐसा सर्वोत्तम स्थान है जहां चुने हुए प्रतिनिधि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठा सकते है तथा उनका समाधान भी सम्भव हो पाता है।

इस अवसर पर पठानिया ने छात्र-छात्राओं से लोकतांत्रिक प्रणाली को गहनता से अध्ययन करने का आग्रह किया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनायें दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राहुल गांधी लोकप्रियता देख भाजपा बौखलाहट में चंपा ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की लोकसभा सांसद सदस्यता रद्द करने के बाद कांग्रेस पार्टी पूरे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ उग्र हो गई है। कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में केंद्र की मोदी सरकार का धरना प्रदर्शन के माध्यम से विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मंडी में सदर कांग्रेस कमेटी के द्वारा मोदी सरकार के खिलाफ सडकों पर उतर कर विरोध रैली निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते



हुए राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने की भी मांग उठाई। विरोध रैली के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व प्रत्याशी चंपा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबराकर राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी को जो लोगों का प्यार और स्नेह मिला उससे पूरी भाजपा बौखला गई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तानाशाही के आरोप लगाते हुए कहा कि आज जो भी व्यक्ति केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसके पीछे ईडी और सीबीआई लगा दी जाती है। समाज में आज हर वर्ग केंद सरकार के इस तानाशाही रवैये से सहमा हुआ है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र के मोदी सरकार राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द बहाल नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में सडकों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी।

## नेशनल साईस ऑलिम्पियाड में छाए चाणक्य अकादमी के छह छात्र



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

साइंस ऑलिम्पियाड फ ाउंडेशन द्वारा घोषित नैशनल साइंस ऑलिम्पियाड़ की परीक्षा परिणाम में चाणक्य अकादमी के छः छात्रों ने अपनी पहचान बनाई सफ लता पाने वालों में नॉर्थ जोन स्तर पर 11वीं के अरिंदम ने नॉर्थ जोन में पांचवां 12 वीं के तनिष्क शर्मा ने छठाए 11 वीं के सार्थक ने नौवां स्थान हासिल करके सर्टिफि केट ऑफ जोनल एक्सीलन्स एवं 500 रुपए के गिफ्ट जीते। संस्थान की ओर से 12 वीं के सात्विक एवं साक्षी ने जोनल स्तर पर 19 वां और 21 वां स्थान हासिल करते हुए सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलन्स पाया है। नौवीं कक्षा की अर्चिता ने भी जोनल स्तर पर पैंतीसवाँ स्थान लेकर मेरिट सर्टिफिकेट हासिल किया है। तनिष्क ने साइंस के साथ-साथ मैथमैटिक्स ऑलिम्पियाड में भी जोनल स्तर पाँचवाँ स्थान हासिल करते हुए सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलन्स एवं 500 रुपए के गिफ्ट जीतकर माता-पिता एवं संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के अरिंदम ने भी साइंस के अतिरिक्त इंग्लिश ऑलिम्पियाड में जोनल स्तर सातवाँ स्थान हासिल करते हुए सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलन्स एवं 500 रुपए के गिफ्ट जीतकर माता-पिता एवं संस्थान का नाम ऊंचा किया। संस्थान के निदेशक डॉ नवनीत शर्मा ने बताया की इससे पहले साइंस ऑलिम्पियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित लेवल-1 की परीक्षा में संस्थान के पंद्रह छात्रों ने लेवल-2 के लिए क्वालीफ इ किया था। इन सभी पंद्रह छात्रों ने प्रथम लेवल में गोल्ड मेडल हासिल किए थे। उक्त छात्रों के अलावा 12 वीं के शिवांश, कशिश व शुभम, 11 वीं के एरा, उदय व लीना, 9 वीं कक्षा की आरुषि व दिया एवं 8 वीं के आदित्य शामिल हैं।

## नगर निगम ने पेश किया पौने 75 करोड़ का बजट

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नगर निगम मंडी ने बैठक के दौरान अपना बजट प्रस्तुत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 मई मंडी नगर निगम के 15 वार्डों में वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों पर 74 करोड़ 52 लाख 26 हजार खर्च किए जाएंगे। वित्त वर्ष 2022-23 क्लोजिंग व ओपनिंग बैलेंस की बात की जाए तो नगर निगम के पास 22 करोड़ 23 लाख 3 हजार है। वित्त वर्ष 2022-23 में नगर निगम मंडी को विभिन्न स्त्रोतों से 10



करोड़ 82 लाख 15 हजार रुपए की प्रस्तावित आय प्राप्त हुई है। वहीं 41 करोड़ 47 लाख 8 हजार की कैपिटल रिसिप्ट है। वर्ष 2023 में प्रस्तावित खर्च 12 करोड़ 43 लाभ 43 हजार व पूंजीगत व्यय 39 करोड़ 75 लाख 14 हजार रखा गया है। बजट प्रस्तुत करने के उपरांत मीडिया से रूबरू होते हुए नगर निगम के महापौर दीपाली जसवाल ने बताया कि 11 करोड़ 65 लाख नगर निगम में विकास कार्य करवाने के लिए सिक्स फाइनेंस कमिशन के तहत रखा गया है। जिसमें ग्रीन एनर्जी के तहत 50 लाख का बजट सोलर लाइट लगाने के लिए खर्च किया जाएगा। नगर निगम द्वारा कैपिटल एसेट पर ग्रांट के लिए 39 लाख 26 हजार का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक करोड़ 12 लाख रुपए दिए जाएंगे। सार्वजनिक शौचालय के लिए 1 लाख 88 हजार, आपदा प्रबंधन के लिए 30 लाख का बजट रखा गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम द्वारा एक करोड़ की ग्रांट रखी गई है। ओपन व नए मार्केट के निर्माण के लिए निगम द्वारा 4 करोड़ 50 लाख बजट का प्रावधान किया गया है। ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ियों को ठीक करने के लिए 5 लाख खर्च किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रामनवमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है।

रामनवमी के अवसर पर चैत्र नवरात्रों का समापन भी होता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार रामनवमी के दिन मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ और इस शुभ तिथि पर हम सभी को श्रीराम के आदर्शों एवं उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# ऊना की चताड़ा पंचायत में सबसे ज्यादा गरीब

## ऊना विकास खंड की 63 पंचायतों में से त्यूड़ी व अबादा बराना बीपीएल मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ऊ ना/राजन पुरी**

बिलो पॉवर्टी लाइन यानी बीपीएल श्रेणी का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित करने के लिए विकास खंड ऊना में प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाने की कदमताल शुरू होते ही बीपीएल श्रेणी में शमिल धन्नासेठों में हडकंप की स्थिति पैदा हो गई है। ऐसे में फर्जी रूप से शामिल धन्नासेठ या अपात्र परिवार वार्ड पंच व प्रधान से संपर्क कर रहे हैं, ताकि बीपीएल सूची से नाम कटवा सके या जुगाड़ करते हुए अपने नाम को छुपाने का इंतजाम कर सकें। इसी बीच बीपीएल आंकड़ों पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो ऊना विकास खंड के अधीन 63 पंचायतें आती हैं। इन पंचायतों में 2594 परिवार बीपीएल श्रेणी में आते हैं। ऊना विकास खंड में अगर सबसे गरीब परिवारों की बात करें, तो ग्राम पंचायत चताड़ा में सबसे ज्यादा 156 बीपीएल परिवार है। वहीं दूसरे नंबर पर बहड़ाला ग्राम पंचायत में 146 बीपीएल परिवार शामिल है। जबकि इसी विकास खंड में दो ग्राम पंचायत त्यूड़ी व अबादा बराना बीपीएल मुक्त घोषित की जा चुकी है। वहीं ग्राम पंचायत उदयपुर, सुनेहरा व मलुकपूर में 10-10 परिवार बीपीएल श्रेणी में शामिल है। अब ऊना विकास खंड में 2594 परिवारों में कितने परिवार पात्र हैं या कितने अपात्र, इसको लेकर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान द्वारा अब बीपीएल फजीर्वाड़े को रोकने के लिए नेम एंड शेम टैग लाइन के साथ जल्द ही नया अभियान शुरू करने के निर्देश जारी किए है। इसमें बीपीएल श्रेणी में बैठे अपात्र लोगों को चिन्हित कर उनके नाम ही सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे, अपितु उन्हें बाहर का रास्ता भी दिखाया जाएगा। बता दें कि बीपीएल श्रेणी को लेकर जिला प्रशासन के पास लगातार शिकायतें आ रही थी, जिसमें अपात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा था। इसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है। बहरहाल अब बीपीएल श्रेणी में शामिल किए गए लोगों का आंकड़ा खंगाला जाएगा और इसके साथ ही साथ बीपीएल श्रेणी में शामिल किए जाने वाले तमाम मापदंडों को वह पूरा करते हैं या नहीं, इस चीज का भी आंकलन करते हुए नए सिरे से इन सूचियों को तैयार करने का फैसला लिया गया है।

**8 ऊना विकास खंड में अगर सबसे गरीब परिवारों की बात करें, तो ग्राम पंचायत चताड़ा में सबसे ज्यादा 156 बीपीएल परिवार है।**



### ग्राम पंचायतों के बाद नगर निकायों की बारी

एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छंटनी के बाद बारी नगर निकाय की है।

उन्होंने बताया कि उपमंडल ऊना में तीन नगर परिषद ऊना, मैहतपुर बसदेहड़ा व संतोषगढ़ शामिल है। एसडीएम का कहना है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बीपीएल श्रेणी में शामिल अपात्र लोगों के नाम सर्ावजनिक किए जाएंगे।

जबकि इनकी जगह पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिशिचित किया जाएगा। उन्होंने बीपीएल श्रेणी में शामिल किए गए अपात्र लोगों को हिदायत दी है कि वह अपने आप इस श्रेणी से बाहर हो जाएं अन्यथा प्रशासन कार्रवाई करते हुए उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएगा। वही ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड पर नेम एंड शेम टैगलाइन के तहत उनके नाम लिखे जाएंगे।

# मेडिकल कॉलेज चंबा में अमृत महोत्सव के उपलक्ष में है स्वास्थ्य और कल्याण पर सामूहिक चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

पंडित जवाहलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल चम्बा में 75वें आजादी की वर्षगांठ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य और कल्याण पर सामूहिक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस 2022 के बैच 120 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डाक्टर पंकज गुप्ता ने की, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज के समय में स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर चर्चा की गयी की किस तरह से हम लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर ध्यान रख सकते है और तनाव मुक्त हो सकते है जैसे की योगा, ध्यान लगाना और आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से हम लोग अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते है और तनाव मुक्त रखते है। इस मौके पर है प्रधानाचार्य ने विस्तार पूर्वक इस विषय पर जानकारी दी। इस मौके पर डाक्टर पूजा सहोत्रा, डॉक्टर डेजि और डॉक्टर रणदीप मान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहें।

## न्यूज फ्लैश

### राजनीति से प्रेरित शिक्षकों के तबादले किए, छात्रों का भविष्य अधर में लटकाया



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोनहाट में एसएमसी की बैठक एसएमसी अध्यक्ष की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जगो देवी की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में एसएमसी सदस्यों द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोनहाट से ट्रांसफर किए जा रहे शिक्षकों के तबादलों पर रोष प्रकट किया। एसएमसी अध्यक्ष का कहना है कि ग्राम पंचायत रात के तहत एकमात्र जमा दो स्कूल रोनहाट है जहां अभी भी शिक्षकों के कई पद रिक्त चले हुए हैं। बावजूद इसके भी स्कूल से शिक्षकों के तबादले किए जा रहे हैं। एसएमसी अध्यक्ष और ग्राम पंचायत प्रधान जगो देवी ने बताया कि यह तबादले राजनीति से प्रेरित होकर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा यह तबादले करवाए जा रहे हैं। शिक्षक अभिभावक संघ, एसएमसी और ग्राम पंचायत के सदस्यों ने बताया कि कुछ कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा स्थानीय विधायक एवं उद्योग मंत्री से नोट लगाकर तबादले करवाए जा रहे हैं, जबकि नियम के मुताबिक जो भी तबादला होता है उसके लिए रिलीवर की कंडीशन अनिवार्य है। बावजूद इसके भी स्कूल से बिना रिलीवर के ही तबादले करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन तबादलों को नहीं रोका गया तो मजबूरन शिक्षक अभिभावक संघ, एसएमसी और ग्राम पंचायत के सदस्यों को छात्रों को साथ लेकर सडक पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा।

### राजभवन में फलाहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की ओर से गत दिवस को राजभवन में दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर फ लाहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मंत्रीगण और विधायकगण, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने सभी अतिथियों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी भेंट किए।

### मोटोरोला ने सिर्फ 9,999 रुपए में लॉन्च किया मोटो जी 13

**शिमला**: मोटोरोला ने अपनी'जी' सीरीज की फ्रेंचाइजी में अपने नये स्मार्टफोन मोटो जी 13 को लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे बेहद किफायती कीमत पर बेजोड़ एक्सपीरियंस के साथ प्रीमियम और मॉडर्न डिजाइन देने के लिए डिजाइन किया गया है।स्मार्टफोन में ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) की बॉडी तथा अल्ट्रा-थिन और प्रीमियम डिजाइन के फीचर्स मौजूद है।कैमरा हाउसिंग से शुरू करते हुए हर डिजाइन के डिटेल पर बड़ी ही बारीकी से ध्यान दिया गया है और बेहद सोच-समझ कर तैयार किया गया है झ्र एक्सपीरियंस करने को लेकर यह वाकई में बेहद आकर्षक है।इसकी स्लिम प्रोफाइल और लाइटवेट बॉडी इसे केरी करने में आसान बनाता है, साथ ही इसका वाइब्रेंट कलर भी इसे भीड़ से काफी अलग करता हैं।इसके अलावा, फिंगरप्रिंट सेंसर को फोन के किनारे की तरफ पर रखा गया है जो कि इसे काफी एक्सेसिबल बनाने के साथ साथ इसे एक स्ट्रीम लाइन्ड लुक बनाए रखने में भी मदद करता है।मोटो जी 13 में 4जीबी एलपीडीडी आर4एक्स रैम के साथ मैसिव 128जीबी की स्टोरेज मौजूद है जो कि लेटेस्ट नियर स्टॉक एंड्रॉइड 13 के साथ आता है।

# मुख्यमंत्री ने मुकेश अग्निहोत्री का कुशलक्षेम जाना

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निवास स्थान पहुंच कर उनका कुशलक्षेम जाना। उप-मुख्यमंत्री मंगलवार सांय अपने आवास परिसर में टहलते समय गिर जाने से घायल हो गए। आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन रहने के उपरान्त उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल व मोहन लाल ब्राकटा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा और विधायकगण मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहे।



# जिला लाहौल-स्पीति में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति में जिला स्तरीय पर्यावरण संरक्षण योजना की बैठक की अध्यक्षता करते सहायक आयुक्त डॉ रोहित शर्मा ने कहा कि जिला में पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्य योजना क्रियान्वित की जा रही है जिसके तहत जिला में ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन, अपशिष्ट स्थलों की पहचान और एकल उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।बैठक में उन्होंने कहा कि जिला में पर्यटकों की बढ़ती आमद से जिला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर सामाजिक सहभागिता से पर्यटन इकाइयों के तरल व ठोस अपशिष्ट पदार्थों के उचित निस्तारण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ठोस व प्लास्टिक कचरे का पृथक्करण के उपरांत निस्तारण सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन की अनुपालना को जिला में सुनिश्चित बनाने के लिए प्रदेश के कॉमन वेस्ट फैसिलिटी सेंटर भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत केलांग, उदयपुर व काजा में सफ ाई कर्मियों की संख्या को भी बढ़ाया जाएगा ताकि इन कस्बों में सफाई की उचित व्यवस्था बनाई जा सके। सहायक आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला पंचायत अधिकारी अप्रैल व सितंबर माह में ग्राम पंचायतों में विशेष सफ ाई अभियान के तहत तरल व ठोस कचरे का उचित निस्तारण हेतु जागरूकता अभियान चलाएं। सहायक आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि वन विभाग अपने अधिकार क्षेत्रों में आने वाले प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर पर्यटन इकाइयों से कचरा एकत्रीकरण के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की दरें भी निर्धारित करें। सहायक निर्देशक ने यह भी कहा कि बिलिंग में कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया और जल्द इस पर कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

बैठक में मौजूद राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक चमन लाल को बिलिंग में स्थापित किए जाने वाले कूड़ा संयंत्र में साइंस एंड एनवायरमेंट टेक्नोलॉजी विभाग से आधुनिक उपकरण के लिए अतिरिक्त धनराशि जुटाने का भी उन्होंने बात कही।



# भारी बर्फबारी के चलते चूड़धार यात्रा बन्द

**8 ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी से चूड़धार में 18 मार्च से बर्फबारी का दौर जारी है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

निचले क्षेत्रों में बारिश व ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी से चूड़धार में 18 मार्च से बर्फबारी का दौर जारी है। नतीजतन मंदिर तक जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। ऐसे में यदि कोई चूड़धार यात्रा का जोखिम उठाता है तो यह उसे भारी पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो बर्फबारी का यह सिलसिला अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक जारी रह सकता है। उपायुक्त सिरमौर ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चूड़धार में लगातार हिमपात होने के कारण चूड़धार जाने वाले सभी रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं तथा यात्रा करना जोखिम भरा है।

आदेश की अवहेलना करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# पिकअप से टकरा कर बाईक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊ ना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत बनखंडी में पिकअप की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवीन कुमार निवासी भदसाली के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नवीन कुमार मंगलवार देर शाम को अपनी बाईक पर सवार वनखंडी में जा रहा था। इसी दौरान पिकअप के साथ टक्कर हो गई। हादसे में घायल बाईक चालक को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया।

# हिमाचल सराय व सदन चंडीगढ़ में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के चंडीगढ़ दौरे के दौरान मंगलवार सायं हिमाचल छात्र संघ चंडीगढ़ (हिमसू) की अध्यक्षा मन्नत नैंटा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को हिमाचल प्रदेश से स्वास्थ्य लाभ के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में आने वाले मरीजों की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।प्रतिनिधिमंडल ने मरीजों को हिमाचल सराय भवन सेक्टर 24 और हिमाचल सेवा सदन सेक्टर 25 में आ रहीं परेशानियों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने यहां सोलर ग्रिड सिस्टम लगाने, लम्बे समय के लिए रह रहे मरीजों को फ ीस में छूट देने, कैन्टीन और कमरों के रखरखाव और एयर कंडीशन की सुविधा के साथ मरीजों को भवनों से अस्पताल जाने के लिए नयी सोलर शटल बस एम्बुलेंस सेवा इत्यादि प्रदान करने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उन्होंने मरीजों को इन भवनों से अस्पताल ले जाने के लिए नई सोलर शटल बस एम्बुलेंस सेवा देने जैसे विभिन्न मुद्दे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने हिमसू की मांगों को सुना और आश्वस्त किया कि उनकी उचित मांगों पर विचार किया जाएगा।

# बरोट में कार व बाईक की हुई टक्कर, दोनों चालक सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर उपरला बरोट नामक स्थान पर बुधवार सुबह करीब पौने 9 बजे एक कार ब बाईक की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिस कारण जहां एप्लाइड फ ार कार का नुकसान हुआ है तो बाईक की स्थिति अच्छी नही रही। लेकिन भगवान का शुक्र यह रहा कि बाईक चालक बाईक के टकराने से पहने ही बाईक से नीचे गिर गया। अन्यथा जिस तरह से बाईक कार व बाईक की टक्कर हुई थी बाईक चालक को गम्भीर चोटें लग सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाईक चालक फ तेहपुर से रैहन की तरफ जा रहा था। वहीं उपरला बरोट में एक स्कूटर से हल्का टकराने के बाद घबरा गया व बाईक सामने से आ रही अप्लाइड फ ार कार के साथ सडक के दूर छोर पर जाकर टकरा गई लेकिन तब तक बाइक चालक बाईक से नीचे गिर चुका था। वहीं घटना कि जानकारी मिलते ही फ तेहपुर पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी।



# बार्डर एरिया से हटेंगे वर्षों से जमे कर्मचारी: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के बार्डर एरिया में पुलिस, आबकारी और वन विभाग की चौकियों पर वर्षों से जमे कर्मचारी यहां से जल्द हटेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में ड्रग माफि या को खत्म करने के लिए सजा में और कड़े प्रावधान करने के लिए एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों में संशोधन होगा। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री से बातचीत की है और नए प्रावधानों का खाका तैयार किया जा रहा है। विधायक मलेंद्र राजन के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को बार्डर एरिया में स्थित पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों को लेकर शिकायतें मिली हैं और सरकार ने इन कर्मचारियों को रोटेट करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार एक ही स्थान पर कर्मचारियों को बार-बार पोस्टिंग देने की प्रथा को खत्म करेगी ताकि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को रोका जा सके। इसी संबंध में विधायक केवल सिंह पठानिया ने भी प्रतिपूरक सवाल पूछा। इससे पूर्व मूल प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में तीन सालों में एनडीपीएस के 187 मामले दर्ज किए गए। इनमें 252 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 181 मामलों में अभी तक 245 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिए गए हैं और पांच मामलों में सात लोगों के खिलाफ जांच चल रही है। इस दौरान 6.95 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में ड्रग माफि या पर शिकंजा कसने के लिए नूरपुर को पुलिस जिला बनाया गया है और यहां स्थित एसपी आफि स में 150 पद सृजित कर इन्हें भर भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करी और भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। विधायक राकेश जम्वाल के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुंदरनगर में फू ड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट खोलने को लेकर डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी गई है और स्वीकृति मिलते ही इसे खोलने पर काम शुरू कर दिया जाएगा। विधायक सुखराम चौधरी और चैतन्य शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 4814 आवासहीन लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 7396 आवासहीन लोगों को आवास सुविधा प्रदान की गई है। विधायक केवल सिंह पठानिया के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शाहपुर के ईसीएच और सीएसडी की कैंटीन के लिए भूमि चिन्हित करके इसकी रिपोर्ट सेना को अनुमोदन के लिए भेज दी है और अनुमति मिलते ही यहां कैंटीन खोल दी जाएगी। विधायक रवि ठाकुर के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि लाहौल-स्पीति में विलो और कश्मीर विलो के 3.40 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अकेले कश्मीर विलो को बीमारी लग रही है। इसलिए पौधे मिश्रित करके लगाए जा रहे हैं।



**शिक्षा मंत्री** रोहित ठाकुर ने कहा कि चौपाल विधानसभा हलके में 5 स्कूल ऐसे है, जहां जीरो एनरोलमेंट हैं। उन्होंने कहा कि चौपाल हलेक में 8 स्कूल ऐसे हैं, जहां कोई शिक्षक नहीं है और इन हलकों में जल्द शिक्षकों को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हलके के सभी स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसफ र के माध्यम से किसी भी स्कूल को शिक्षकों से खाली नहीं रखा जाएगा और न ही सिंगल टीचर को भेजा जाएगा। भाजपा सदस्य बलवीर वर्मा के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द नहीं होगी, जहां पहले से ही शिक्षकों की कमी है। विधायक अनिल शर्मा के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि आईटीआई कोटली के भवन निर्माण में कोई अनियमितताओं की जांच होगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने इस भवन का निर्माण अब टाइम बाउंड होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए दो करोड़ रुपए पहले से उपलब्ध हैं और अतिरिक्त राशि का भी प्रावधान किया जाएगा।

**बंद होगा सिंगल विंडो सिस्टम :उद्योग मंत्री**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार सिंगल विंडो सिस्टम खत्म करने जा रही है। इसके स्थान पर इन्वेस्टमेंट ब्यूरो बनेगा। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम बहुत लंबा है और अत्यधिक जटिलताओं के कारण उद्योगपति निवेश के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट ब्यूरो के प्रावधानों के अनुसार उद्योग सीधे आकर उद्योग स्थापित कर सकेंगे और उनके लिए सभी स्वीकृतियां इन्वेस्टमेंट ब्यूरो लेगा। उद्योग मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में कहा कि नई व्यवस्था के अनुसार राज्य के सभी विभागों को उद्योगपतियों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर उद्योगों की स्थापना के लिए एनओसी देनी होगी। इससे पूर्व मूल प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर मीट में 41684 करोड़ रुपए के निवेश के 901 एमओयू हस्ताक्षरित किए गए थे। इनमें से 523 एमओयू को धरातल पर उतारा जा चुका है,जबकि 228 उद्योग स्थापित भी हो गए हैं। 157 उद्योगों में कारखाने स्थापित करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापित हो चुके 228 उद्योगों में 9366 लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि निजी निवेश आकर्षित करने के लिए हर सरकार प्रचार और प्रसार का सहारा लेती है। मौजूदा सरकार भी इस दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

**दूर होगी रेडियोलॉजिस्ट की कमी : कर्नल शांडिल**

हिमाचल प्रदेश में रेडियोलॉजिस्ट की कमी जल्द दूर होगी। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक रीना कश्यप के एक सवाल के जवाब में नेशनल मेडिकल कमीशन ने एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का रेडियोलॉजिस्ट करने का ब्रिज कोर्स कराने को मान्यता दे दी है।

उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर आगे कार्रवाई कर रही है और सभी एमबीबीएस डॉक्टरों को ब्रिज कोर्स करवाकर उन्हें रेडियोलॉजिस्ट के स्थानों पर तैनाती देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नागरिक अस्पताल सराहां में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने का सरकार का कोई प्रावधान नहीं है।

# पैकेजिंग, लेबलिंग, ब्रांडिंग व विपणन सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सोलन जिला की स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के लिए उनके खाद्य उत्पादों और हस्तशिल्प की पैकेजिंग, लेबलिंग, ब्रांडिंग और विपणन मूल्य श्रृंखला में सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गत दिवस को किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन जफ र इकबाल ने की। जफ र इकबाल ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उनके भोज्य और हस्तशिल्प उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग के बारे में सही जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला को तीन चरणों में




आयोजित किया गया। इसमें खाद्य, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की पैकेजिंग के लिए बुनियादी आवश्यकताएं और लेबल और लेबलिंग, पैकेजिंग डिजाइनिंग, परिवहन पैकेज का परीक्षण और गुणवत्ता मूल्यांकन शामिल है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं अपनी आर्थिकी में आशातीत सुधार कर सकती है। इसके लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में बराबर की भागीदारी के साथ कार्य कर लाभ अर्जित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि आज प्रदान की जा रही जानकारी को समझे और इससे लाभान्वित हो। कार्यशाला में भाग लेने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके द्वारा बनाए गए खाद्य उत्पादों और हस्तशिल्प की पैकेजिंग, लेवलिंग, ब्रांडिंग और विपणन में सुधार के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें उचित पैकेजिंग और लेबलिंग के महत्व के बारे में भी बताया गया। इससे भविष्य में उनकी आर्थिकी को मजबूत और आय को दौगुना किया जा सकेगा। महिलाओं को विभिन्न पैकेजिंग सामग्रियों और डिजाइनों के बारे में भी सिखाया गया।

इनका उपायोग निर्मित उत्पादों को बाजार में आकर्षक दिखाने में सहायक होगा। इस अवसर पर आईआईपी दिल्ली से आए डॉ. तनवीर आलम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन भारतीय पैकेजिंग संस्थान आईआईपी दिल्ली और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सोलन डीआरडीए के सयुंक्त तत्वाधान में मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव एमएआई योजना के तहत किया गया था।इस अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक रामेश्वर चौधरी, जिला सोलन के स्वंय सहायता समूहों के सदस्य, सहित आदि उपस्थित रहे।

# निजी स्कूलों में जमकर हो रही नकल

## वार्षिक परीक्षाओं की सीसीटीवी फुटेज जांच में सामने आया मामला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही वार्षिक परीक्षाओं के तहत जिला के कई निजी स्कूलों में नकल का खेल जमकर चल रहा है। हालत यह है कि परीक्षा केंद्र में खुद शिक्षक ही बच्चों को नकल सामग्री बांट रहे हैं। प्रशासन के हाथ सीसीटीवी फुटेज की जांच में कुछ ऐसे तथ्य लगे हैं जिनमें जिला के निजी स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में जमकर नकल का खेल होने की बात सामने आई है। ऊना के एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान ने इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर शिकायत की है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही वार्षिक परीक्षाएं जिला के कई निजी स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में संदेह के घेरे में आ चुकी। हालत यह है कि इन परीक्षा केंद्रों में नकल का धंधा जोरों पर



चल रहा है और इसे खुद शिक्षकों द्वारा ही अंजाम भी दिया जा रहा है। इस खेल का खुलासा जिला प्रशासन द्वारा हाल ही में की गई वार्षिक परीक्षाओं की सीसीटीवी जांच के दौरान हुआ है। इस सीसीटीवी फुटेज में पाया गया की परीक्षा के शुरू होने से करीब 2 घंटे तक हर चीज को मापदंडों के तहत अमल में लाया जा रहा है, लेकिन अंतिम करीब एक घंटे में जमकर नकल करवाई जा रही है और इन वीडियो फुटेज में खुद शिक्षक परीक्षार्थियों को नकल की सामग्री देते हुए भी देखे गए हैं। एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने वीडियो जांच के बाद बाकायदा शिक्षा बोर्ड के सचिव को पत्र लिखकर इन तमाम तथ्यों के बारे में जानकारी दी है। एसडीएम का कहना है कि नकल को रोकने के लिए किए जा रहे तमाम प्रयासों पर जिला के कुछ निजी स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के प्रबंधक ही पानी फेर रहे हैं। एसडीएम द्वारा लिखे गए पत्र में नकल को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की सिफारिश की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### इन्फिनिक्स ने प्रीमियम लुक्स और दोगुनी रैम के साथ केवल 8999 रु. में लॉन्च किया हॉट 30 आई

चंडीगढ़ः इन्फिनिक्स ने प्रीमियम लुक्स और दोगुनी रैम के साथ केवल 8999 रु. में अपना नया स्मार्टफोन हॉट 30 आई लॉन्च करने की घोषणा की,इन्फिनिक्स की नई विशेषताओं से भरपूर हॉट सीरीज हॉट 30आई सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ देगी।इन्फिनिक्स की यह गेम.चेंजिंग डिवाईस मल्टी.टास्किंग के लिए सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसमें आकर्षक रूप के साथ दोगुनी मैमोरी है।लॉन्च के दिन 8999 रु.के विशेष मूल्य में 16 जीबी की एक्सपैंडेबल मैमोरी,128जीबी की स्टोरेज,प्रीमियम डायमंड पैटर्न डिजाईन,शक्तिशाली बैटरी और 50 मेगापिक्सल के ड्युअल एआई कैमरा एवं बेहतर सुरक्षा के साथ हॉट 30आई स्मार्टफोन का बाप है।यह डिवाईस 4 रंगों ग्लेशियर ब्लू, मिरर ब्लैक, और डायमंड व्हाईट में प्रीमियम.ग्लास फिनिश और मैरीगोल्ड में लैदर लाईक डिजाईन में उपलब्ध है। अनीष कपूर,सीईओ इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा अपनी हॉट सीरीज में हमने फुली.लोडेड किफायती डिवाईसेज की श्रृंखला का विकास किया है जिसमें अनेक अतिरिक्त विशेषताएं हैं।इस सीरीज में हमारे द्वारा लॉन्च की गई हर नई डिवाईस में फर्स्ट इन सेगमेंट टेक्नॉलॉजी विशेषताएं प्रदान की जाती हैं।लेकिन हॉट 30आई में हम इनोवेशन को और ज्यादा बेहतर बना रहे हैं। यह डिवाईस किफायत पसंद स्मार्टफोन यूजर्स की सभी अपेक्षाओं से बेहतर है।हॉट 30आई न केवल दोगुनी रैम के साथ आता है बल्कि यह मल्टीटास्किंग को आसान बना देता है और प्रीमियम टच के साथ लुक्स,शानदार बैटरी सपोर्ट,स्मूथ डिस्प्ले और मल्टीफंक्शनल साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर जैसी अनेक विशेषताएं भी प्रदान करता है।

### माइंड ट्री स्कूल मंडी में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह "पैनोरमा"

मंडीः माइंड ट्री स्कूल मंडी में बच्चों ने धूमधाम व उल्लास के साथ आज अपने वार्षिक कार्यक्रम "पैनोरमाह्व का आयोजन किया। इस मौके पर मंडी की एस.डी.एम. सुश्री रितिका जिंदल, ने आज आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा आईआईटी मंडी की निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा इस अवसर पर गेस्ट ऑफ हॉनर के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आगाज औपचारिक दीप प्रज्वल्लन ट वंदना के कार्यक्रम आराधना से हुआ जिसके माध्यम से छात्रों ने सर्वशक्तिमान के प्रति श्रद्धा व्यक्त की । इसके बाद किंडरगार्टन कक्षा के नन्हे-मुन्नों ने अपने ऊजार्वान नृत्य प्रदर्शन 'किडिलिशियस' को प्रस्तुत किया, जिसने मंच को पूर्ण रूप से जीवंत किया और दर्शकों की उनके बचपन की यादों को तरोताजा कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्केटिंग, योग और एरोबिक्स की विभिन्न प्रतिभाओं के संगम को देखकर हर कोई अचंभित रह गया। अंग्रेजी नाटक "द बिशप्स कैंडलस्टिक्स" का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें यह संदेश दिया गया कि अपराधियों को सजा और दुर्व्यवहार की जगह प्यार और दया से अच्छा बनाया जा सकता है। शक्ति, प्रेम, त्याग और साहस का प्रतीक : महिलाएं , इस विषय पर प्रस्तुत एक बैले नृत्य, 'अपराजिता' को दर्शकों को खूब सराहा। सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि मंडी की एस.डी.एम. सुश्री रितिका जिंदल ने छात्रों की सराहना की और उन्होंने माता-पिता को सलाह दी कि उन्हें बच्चों को उनकी रुचियों में आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। प्रो. बेहरा ने बच्चों के चरित्र निर्माण पर माता-पिता का ध्यान केंद्रित किया। प्रिंसिपल गुलशन दीवान ने सभी छात्रों और शिक्षकों का आज हुए इस सफल कार्यक्रम के आयोजन, कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की और आये हुए सभी सम्मानित अतिथियों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### टेक्नो ने स्पार्क सीरीज में पहला 5जी फोन स्पार्क 10 5जी लॉन्च

**शिमला**ः प्रीमियम टेक्नोलॉजी ब्रांड टेक्नो ने आज भारत में अपने ऑल राउंडर स्पार्क पोर्टफोलियो के तहत पहला 5जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है।टेक्नो 70 वैश्विक बाजारों में सक्रिय है। स्पार्क 10 यूनिवर्स सीरीज में स्पार्क 10, 5जी दूसरा फोन है जिसे कंपनी ने लॉन्च किया है।

इससे पहले कंपनी ने स्पार्क 10 प्रो को लॉन्च किया था जिसे मेक इट बिग फिलॉसफी पर पेश किया गया है।स्पार्क 10 5जी की शुरूआत लेटेस्ट स्मार्टफोन फीचर्स के साथ नए जमाने के डिजाइन को जोड़कर की गई है जो 15 हजार से कम के सेगमेंट में 5जी इनेबल्ड फोन के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा।12999 रुपये की कीमत में स्पार्क 10 5जी फोन डायमेंसिटी 6020,7 एन एम पावरफुल 5जी प्रोसेसर और हिओस 12.6 बेस्ड एंड्रॉयड 13 के साथ आता है। टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा,2023 देश भर में चल रहे चरणबद्ध 5 जी रोलआउट के साथ टेलीकॉम सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष होगा।15 हजार से कम कीमत वाले सेगमेंट में 5जी स्मार्टफोन की मांग बहुत है।

# सरस्वती पैराडाइज में धूमधाम से मनाई गई दुर्गा अष्टमी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राजधानी स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल में केजी सेक्शन के नन्हें मुन्नों ने बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ दुर्गा अष्टमी मनाई। वे धार्मिक अवसर के अनुसार पारंपरिक पोशाक पहनकर आए। एक विशेष सभा का आयोजन किया गया था जिसमें छात्रों के लिए शिक्षकों द्वारा देवी दुर्गा के नौ अवतारों और राम नवमी के महत्व के बारे में जानने के लिए नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया था। छात्रों ने नृत्य नाटिका देखकर पूरी तरह से आनंद लिया। उन्होंने देवी दुर्गा को



समर्पित गीतों पर नृत्य करने के बाद भक्ति गीत भी गाए। उत्सव के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने शिक्षकों के प्रयासों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया और सभी को दुर्गा अष्टमी और राम नवमी के पावन अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# कोठों में बच्चों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

5वें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठों में बच्चों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी। उन्होंने कहा कि इस शिविर में बच्चों को संतुलित भोजन जैसे काबोर्हाइड्रेट्स, प्रोटीन तथा खनिज पदार्थों के फ ायदे के बारे में बताया गया तथा इनकी कमी से होने वाले रोगों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि



जवार, बाजरा, रागी, कोदा, सावा जैसे मोटे अनाज पोष्टिक हैं तथा इनके प्रतिदिन सेवन से मधुमेह और गलूटन एलर्जी जैसे रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को जल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है।कविता गौतम ने उपस्थित बच्चों को एनीमिया तथा कुपोषण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगों से बचाव के लिए बच्चों को जंक फूड से दूर रहना चाहिए तथा अपने भोजन में पारम्परिक रूप से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अमृता खिमटा, पर्यवेक्षक वृत ओच्छघाट भूमिका जग्गी, विषय वास्तुविद कृषि विभाग जोगिन्दर चौहान सहित लगभग 110 बच्चों ने भाग लिया।



नवरात्रि के पावन पर राजभवन में फ लाहार/प्रसाद ग्रहण कार्यकम के अवसर पर राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में भेंट करते हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

# बीदड़वाल में सट्टा लगाते दो व्यक्ति काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत बीदड़वाल में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों को सट्टा लगाते काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विजय कुमार निवासी बीदड़वाल व जोगिंद्र सिंह निवासी पूबोवाल के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरोली पुलिस की टीम मंगलवार देर शाम को बीदड़वाल क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर बीदड़वाल गेट के समीप जोगिंद्र सिंह को तलाशी के लिए रोका।

# रोबोटिक सर्जरी प्रोस्टेट कैंसर मरीजों के लिए वरदान की तरहः डा. रोहित डढवाल




**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

चिकित्सा जगत में आई नई क्रांति से गंभीर से गंभीर मरीजों को बचाना संभव हो पाया है। वहीं रोबोटिक सर्जरी किडनी व प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों के लिए वरदान की तरह साबित हो रही है, यह बात जाने माने यूरोलॉजिस्ट डा. रोहित डढवाल ने सोलन में आयोजित एक प्रैस कान्फ्रें स में कही, जोकि हाथों की बजाए 'दा विंचीइ रोबोटिक सर्जरी से मरीज को उपचार के दौरान मिलती राहत जैसे खून की बबार्दी, कम दर्द, कम निशान व तुरंत राहत संबंधी जागरूक करने के लिए शहर में पहुंचे थे। फोर्टिस अस्पताल में यूरोलॉजी, रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग के कंस्लटेंट डॉ. रोहित डढवाल ने बताया कि हाथों की बजाए रोबोटिक सर्जरी मरीज के लिए कम तकलीफ व ज्यादा लाभदायक साबित हुई है। उन्होंने बताया कि मरीज के आप्रेशन के दौरान शरीर के जिन हिस्सों तक हाथ पहुंचाना मुश्किल थाए अब 360 डिग्री तक घूमने वाले रोबोट की मदद से वहां पहुंच की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कैंसर को जड़ से खत्म करने के लिए रोबोटिक सर्जरी कैंसर के मरीजों के एक वरदान की तरह है। उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से रोगी के शरीर में डाले गए एक विशेष कैमरे के माध्यम से ऑपरेटिव एरिया का 3डी व्यू देखकर कर उसको पूरी तरह से तंदरूस्त किया जा सकता है। डा. डढवाल ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से स्वस्थ हुए 73 वर्षीय ऐसे मरीज का उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही डायबटिक व हाइपरटेंशन से ग्रस्त मरीज जो कि मूत्र असंयम, कमजोर मूत्र प्रवाह व नाटूरिया रात भर मूत्र त्याग के लिए जागे रहने वाली स्थिति के कारण एक चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा था। उन्होंने बताया कि रोगी अपनी इस समस्या के लिए स्थानीय कई अस्पतालों में इलाज करवा चुका था। उन्होंने बताया कि फ ोर्टिस पहुंचने पर जांच करने पर पाया कि वह प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था।

# लॉ कॉलेज बढ़ेड़ा में नशे के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमकैप्स कॉलेज बढेड़ा में बुधवार को नशा के दुष्प्रभाव पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह व एसएचओ सुनील सांख्यान विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिवक्ता अनीश जेपी ने छात्रों को एनडीपीएस एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। वहीं एसएचओ सुनील सांख्यान ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया व उससे




दूर रहने बारे प्रेरित किया। इस अवसर पर विधि विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# बैच वाइज अनुबंध आधार भर्ती के लिए काउंसलिंग 6 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा जिला सोलन के माध्यम से कनिष्ठ अध्यापकों (जेबीटी) के 10 पदों की (भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों) बैच वाइज अनुबंध आधार पर भर्ती के लिए काउंसलिंग 06 अप्रैल, 2023 को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सोलन ने गत दिवस को दी।उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों में से कनिष्ठ अध्यापक के अनारक्षित वर्ग के 05 पद, अनुसूचित जाति श्रेणी के 02 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी का 01 पद तथा अन्य पिछड़ा श्रेणी वर्ग के 02 पद भरे जाएंगे। यह सभी पद 2011 उत्त्रीण बैच में से भरे जाएंगे। इन सभी पदों के लिए काउंसलिंग 06 अप्रैल, 2023 को जिला शिक्षा एवं प्राधिकरण संस्थान के कार्यालय सोलन में प्रातः 10:30 बजे होगी।उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में वही अभ्यार्थी भाग ले सकते है जो नियमानुसार सभी योग्यता पूर्ण करते हो। उम्मीदवार जेबीटी/बीएड (जेबीटी टीईटी) उत्त्रीण होने चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार 10वीं एवं 12वीं पास योग्यता प्रमाणपत्र, आवश्यक योग्यता प्रामण पत्र, शिक्षक योग्यता परीक्षा प्रमाणपत्र, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र हि.प्र. सरकार द्वारा अधिकृत, हिमाचल प्रमाणपत्र, नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, सैनिक कल्याण के संबंधित उप निदेशक द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक के वार्ड का प्रमाण पत्र,डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति तथा गैर पुनर्वास प्रमाण पत्र सहित काउंसलिंग में भाग लेना सुनिश्चित करें।

# अर्श सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर बन चमकाया नाम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गगरेट के गांव डंगोह खास के अर्श सिंह राणा ने असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी की परीक्षा पास की क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अर्श राणा की स्नातक तक की पढ़ाई पीयू चंडीगढ़ से हुई है। अब हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण असिस्टेंट प्रोफेसर बने हैं। अर्श सिंह राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा स्वर्गीय प्रोफेसर एचपीयू डॉ शेर सिंह राणा व माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

अर्श सिंह राणा की सफलता पर



विधायक चैतन्य शर्मा, सेवानिवृत्त चीफ सेक्रेटरी राकेश शर्मा, विधायक राकेश कालिया, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर एवं भाजपा नेता सुशील कालिया ने बधाई दी है।

G20

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि (₹) | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-28/ 2022-23 | UMB डिविजन पर RPJ-BTI-SGNR में 6 क्वाड केबल और OFC द्वारा बीएसएनएल के स्वत्वाधान वाले ओवरहेड सर्किट का प्रतिस्थापन | 24.04.2023 at 15:00 hrs | 25763870.90 | 278800 | नौ माह |
| 2 | ओटी-37/ 2022-23 | [illegible] | 24.04.2023 at 15:00 hrs | 551899.14 | 11000 | छह माह |
| 3 | ओटी-38/ 2022-23 | अम्बाला मंडल के ऊपर L-ang No: C-8 (JPS-UKN), C-8 (BTI-BHX), C-5(JHL-JPS) सेक्शन की s/w इंटरलॉकिंग में S&T कार्य | 24.04.2023 at 15:00 hrs | 6483178.08 | 129700 | नौ माह |

नोट :-

1. [illegible]

2. टेण्डर डाक्यूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें।

3. [illegible]

संख्या : [illegible] दिनांक 27.03.2023 953/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# तापसी पन्नू

## के नेकलेस पर मचा बवाल, हिंदू धर्म को ठेस पहुंचाने का लगा आरोप, दर्ज हुई शिकायत

साउथ और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी बेहतरीन अदाकारी से सबका दिल जीतने वाली तापसी पन्नू की गिनती इंडस्ट्री के नामी सितारों में होती है। मेनस्ट्रीम सिनेमा में अक्सर ही उन्हें दबंग और दमदार रोल में देखा गया है, जहां कभी-कभी उनका किरदार हीरो को भी मात देते दिखाई देता है। तापसी पन्नू पर्दे पर बोल्ड रोल निभाने के लिए जानी जाती हैं।एक्ट्रेस जितनी वोकल सिल्वर स्क्रीन पर नजर आती हैं, उतनी ही सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। मगर इन सबके बाद भी वह आए दिन किसी न किसी विवाद में फंस ही जाती हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के इंदौर में एक्ट्रेस के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई।

**तापसी के खिलाफ शिकायत दर्ज**

तापसी पन्नू ने कुछ दिनों पहले लैकमे फैशन वीक से अपने रैंपवॉक लुक की तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने रेड कलर का डीप नेक इवनिंग गाउन पहना था, जो वाकई में उन्हें और खूबसूरत बना रहा था। फैंस ने भी उनकी ड्रेस की तारीफ की, लेकिन इसके साथ उन्होंने जो नेकलेस पहना था, उसे लेकर लोगों ने आपत्ति जताई। तापसी पन्नू ने डीप नेट ड्रेस के साथ माता लक्ष्मी की छवि का बना नेकलेस पहना था।

**सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने का आरोप**



एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर कई यूजर्स ने नाराजगी जाहिर की थी। अब इसी बात को लेकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। छत्रीपुरा थाना के एसएचओ कपिल शर्मा ने बताया, एकलव्य गौड़ द्वारा एक आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें लिखा था कि अभिनेत्री तापसी पन्नू ने एक फैशन शो में रैंपवॉक करते समय एक लक्ष्मी जी का लॉकेट पहना हुआ था और उस दौरान उन्होंने रिवीलिंग ड्रेस पहना हुआ था। आवेदक का कहना है कि उस लॉकेट के साथ रिवीलिंग ड्रेस पहनने से उनकी धार्मिक भावनाएं और सनातन धर्म की छवि को ठेस पहुंची है। मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।

**इन फिल्मों में नजर आएंगी तापसी**

पिंक और जुड़वा 2 जैसी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से ऑडियंस को एंटरटेन करने वाली तापसी, शाह रुख खान की डंकी में नजर आएंगी। यह मूवी इस साल के अंत में रिलीज होगी। उनकी आखिरी मूवी ओटीटी पर स्ट्रीम होने वाली ब्लर थी।

# प्रियंका चोपड़ा

## को बॉलीवुड में किया गया परेशान, हॉलीवुड जाने पर एक्ट्रेस ने कहा- लोगों की राजनीति से थक गई थी

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड को लेकर एक चौंका देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में खुद को परेशान किए जाने की बात स्वीकार की है। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा विदेशी जमीन पर अब तक कई बार देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। बॉलीवुड में टॉप एक्ट्रेस होते हुए भी उन्होंने हॉलीवुड में हाथ आजमाने का फैसला किया। अब उन्होंने अपने इस निर्णय के पीछे की असली वजह बताई है कि उन्हें ये कदम खुशी से नहीं, बल्कि मजबूरी में लेना पड़ा था।

**रिश्ते हो गए थे खराब**

प्रियंका चोपड़ा ने अपने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उन्होंने बॉलीवुड इसलिए छोड़ा क्योंकि उन्हें मनचाहा काम नहीं मिल रहा था। इसके अलावा कुछ लोगों के साथ उनके रिश्ते भी खराब हो गए थे।

**गाने के साथ की शुरुआत**

प्रियंका चोपड़ा ने अमेरिका में काम की शुरुआत म्यूजिक के साथ की थी। साल 2012 में उन्होंने अपना पहला इंग्लिश गाना इन माय सिटी (In My City) लॉन्च किया था। इस गाने में उनके साथ इंटरनेशनल सिंगर पिटबुल (Pitbull) भी थे।

**पहली बार तोड़ी चुप्पी**

प्रियंका ने सालों बाद अब हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से दूर हॉलीवुड में काम तलाश करने की असली वजह पर बात की है। डैक्स शेफर्ड के पॉडकास्ट आर्मचेयर एक्सपर्ट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वो पहली बार अमेरिका में काम ढूंढने की असली वजह के बारे में बात करने जा रही हैं क्योंकि इस बातचीत के दौरान वो सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

**सात खून माफ के दौरान मिला ऑफर**

प्रियंका ने बताया कि उन्हें पहली बार अंजुला आचार्य ने एक म्यूजिक वीडियो में देखा था। इसके बाद उन्होंने सात खून माफ की शूटिंग के दौरान कॉन्टैक्ट किया और पूछा कि क्या वो अमेरिका में म्यूजिक करियर बनाने में दिलचस्पी लेंगी। उस वक्त एक्ट्रेस खुद भी बॉलीवुड से बाहर जाने के रास्ते तलाश रही थीं।

**राजनीति से थक गई थीं एक्ट्रेस**

प्रियंका ने कहा, मुझे इंडस्ट्री (बॉलीवुड) में एक किनारे कर दिया गया था। लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, लोगों के साथ मेरी अनबन हो रही थी, मैं इस तरह का खेल खेलना नहीं जानती हूं इसलिए मैं उनकी राजनीति से थक गई थी और मैंने फैसला किया कि मुझे एक ब्रेक की जरूरत है।



## मशहूर अदाकारा के प्यार में दीवाने थे संजीव कुमार, एक्ट्रेस ने किया शादी से इनकार, तो जिंदगी भर रहे कुंवारे



फिल्म 'शोले' का बिना हाथ वाला ठाकुर तो आपको याद ही होगा, जी हां, इस फिल्म में अपने उम्दा अभिनय से एक्टर संजीव कुमार ने सबको इम्प्रेस कर दिया था. संजीव कुमार (Sanjeev Kumar) अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ के चलते भी सुर्खियों में बने रहते थे. इस एक्टर ने अपने दौर में कई बड़ी एक्ट्रेसेज के साथ काम किया और दो मशहूर एक्ट्रेसेज के साथ तो उनका नाम भी जुड़ा था, लेकिन किसी के साथ भी उनका इश्क मुकम्मल न हो सका. बॉलीवुड के गलियारों में यूं तो अक्सर ही सेलेब्स की लव लाइफ के चर्चे होते रहते हैं. लेकिन संजीव कुमार बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' के इश्क में कुछ इस कदर कैद हुए थे कि फिर उन्होंने पूरी जिंदगी कभी शादी नहीं की. संजीव कुमार और हेमा मालिनी 'त्रिशूल', 'शोले', 'सीता और गीता' जैसी कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं. इन फिल्मों में साथ काम करने के दौरान संजीव कुमार हेमा मालिनी पर दिल हार बैठे थे.

**हेमा मालिनी को धर्मेंद्र से था प्यार-**

एक्टर ने तो 'ड्रीम गर्ल' के सामने शादी का प्रस्ताव भी रखा था, लेकिन हेमा मालिनी ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया. हेमा मालिनी धर्मेंद्र से प्यार करती थीं और वह उन्हीं के साथ शादी करना चाहती थीं. एक्ट्रेस द्वारा प्रस्ताव ठुकराए जाने पर संजीव कुमार का दिल बुरी तरह टूट गया था. लेकिन इश्क ऐसा की उन्होंने आजीवन शादी नहीं करने का फैसला कर लिया.हेमा मालिनी के बाद संजीव कुमार का नाम एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित के साथ जुड़ा था. इन दोनों ने फिल्म 'उलझन' में साथ काम किया था. इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित एक्टर को दिल दे बैठी थीं. यहां तक कि उन्होंने एक्टर को शादी के लिए भी प्रपोज किया था, लेकिन संजीव कुमार ने प्रस्ताव ठुकरा दिया.

**सुलक्षणा पंडित भी रहीं कुंवारी-**

50 साल की उम्र में ही संजीव कुमार का निधन हो गया था. बता दें, ये एक्टर अपने आखिरी समय तक अकेले ही रहे थे. साथ ही संजीव कुमार से शादी न कर पाने के गम में एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित ने भी कभी किसी का हाथ नहीं थामा.

## डेटिंग की खबरों के बीच, फेमस कपल को मिली घरवालों से हरी झंडी, फैंस को बस शादी का इंतजार!



आदित्य रॉय कपूर (Aditya Roy Kapur) और अनन्या पांडे (Ananya Panday) इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं. ऐसी अटकलें भी हैं कि ये दोनों ही एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. इसी बीच इस रूमर्ड कपल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. फैंस तो दोनों की शादी तक की बात कर रहे हैं. दोनों इन दिनों सुर्खियों में छाए हुए हैं.बॉलीवुड की ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के इश्क की चर्चा काफी समये से बॉलीवुड गलियारों में हो रही हैं. बीते दिनों दोनों एक साथ रैंप वॉक करते भी नजर आए थे, जिसके बाद से ऐसे खबरें आने लगी थीं कि आदित्य और अनन्या ने इस तरह अपना रिश्ता पब्लिक करने की तैयारियां कर रहे हैं. हालांकि, अब इस रिश्ते पर दोनों में से किसी ने भी खुलकर इस बात पर कोई रिएक्ट नहीं किया है. लेकिन दोनों अक्सर कई जगह साथ स्पॉट किए जाते हैं. अब मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों के घरवालों ने भी इस रिश्ते को लेकर हरी झंडी दे दी है.

**आदित्य का पहले भी कई एक्ट्रेस संग जुड़ चुका नाम**

आदित्य रॉय कपूर भले ही इन दिनों अनन्या पांडे संग अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं. लेकिन इससे पहले भी उनका कई एक्ट्रेसेस संग नाम जुड़ चुका है. इससे पहले आदित्य रॉय कपूर का नाम अपनी हिट फिल्म आशिकी 2 की आरोही यानी श्रद्धा कपूर संग भी जुड़ चुका है. इस फिल्म के बाद दोनों के अफेयर की खबरें भी सामने आई थीं. हालांकि फाइनली आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे की डेटिंग में होने का दावा किया जा रहा है. बीते दिनों फैंस ने कई बार दोनों को साथ स्पॉट किया है. बताया जा रहा है कि दोनों के प्यार की शुरुआत एक पार्टी से शुरू हुई थी. आदित्य ने इंस्टाग्राम के जरिए लोगों को इस बात का इशारा भी दे दिया है कि वो अनन्या पांडे संग रिलेशन में हैं.

**जानकारी से हुआ खुलासा**

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक सूत्र ने बॉलीवुड लाइफ को ये जानकारी दी, 'अनन्या और आदित्य एक-दूसरे को लेकर बहुत सीरियस हैं. इन दोनों के घरवालों ने भी इनके रिश्ते को हरी झंडी दे दी है. आदित्य-अनन्या जल्द ही अपने रिश्ते को लेकर एक कदम और आगे बढ़ाना चाहते हैं. फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों जल्द शादी करने वाले हैं. जबकि सूत्र का कहना है कि वह जल्दबाजी में नहीं हैं.

## सेबी-सहारा फंड से 5 हजार करोड़ रुपये जारी करने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की ओर से बाजार नियामक सेबी के पास जमा कराए गए 24,000 करोड़ रुपये में से 5,000 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने की याचिका स्वीकार कर ली है। ये पैसे सहारा समूह के जमाकर्ताओं को लौटाए जाने हैं।

कोर्ट ने यह निर्देश पिनाक पानी मोहंती नामक एक व्यक्ति की जनहित याचिका पर केंद्र की ओर से दायर एक आवेदन पर दिया है। मोहंती ने चिट फंड कंपनियों और सहारा क्रेडिट फर्मों में निवेश करने वाले जमाकर्ताओं को राशि का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की थी।



न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि यह राशि सहारा समूह की सहकारी समितियों की ओर से ठगी के शिकार जमाकर्ताओं को लौटायी जाएगी। यह प्रक्रिया शीर्ष अदालत के पूर्व जज आर सुभाष रेड्डी की निगरानी में पूरी की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अगस्त 2012 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन और सहारा हाउसिंग इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड को निवेशकों का पैसा लौटाने का निर्देश देने के बाद सेबी सहारा-सहारा सेबी एसक्रो अकाउंट खोले गए थे जिसमें सहारा समूह की ओर से पैसे जमा करवाए गए थे। केंद्र सरकार ने उसी खाते से राशि जारी करने की सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी।

## शार्क टैंक के जज रह चुके इस उद्यमी के पिता का निधन, इंस्टाग्राम पर ऐसे दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। उद्यमियों और छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई अलग पेमेंट इंटरफेस लाने वाली कंपनी 'भारत पे' के को-फाउंडर अश्नीर ग्रोवर के पिता अशोक ग्रोवर का निधन हो गया। अश्नीर ने अपने इंस्टाग्राम पर बुधवार को इसकी जानकारी दी। अश्नीर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'बाय पापा। आपको बहुत सारा प्यार! स्वर्ग में पापाजी, बड़ी मम्मी, नानाजी और नानीजी का ख्याल रखिएगा।' इसी पोस्ट में उन्होंने अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'अशोक ग्रोवर (पुत्र नंदलाल ग्रोवर) 04.08.1953-28.03.2023।'



**कौन हैं अश्नीर ग्रोवर?** अशनीर ग्रोवर का जन्म दिल्ली में 14 जून 1982 को हुआ था। उन्हें 2018 में छोटे उद्यमियों और व्यापारियों के लिए लाए गए पेमेंट इंटरफेस भारतपे के को-फाउंडर के तौर पर जाना जाता है। इसके अलावा अश्नीर रिएलिटी टीवी शो शार्क टैंक इंडिया में बतौर जज भी हिस्सा ले चुके हैं। मौजूदा समय में वे एक स्टार्टअप के साथ काम कर रहे हैं।

## ईवी स्टेशन के लिए तीन तेल कंपनियों को 800 करोड़ रुपये, जनता के लिए होंगे चार्जिंग स्टेशन

नई दिल्ली। देश में 7,432 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने तीन सरकारी तेल कंपनियों को 800 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दी है। मंत्रालय ने इसके तहत 560 करोड़ रुपये को जारी भी कर दिया है।

मंत्रालय ने कहा कि इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को मंजूर रकम का 70 फीसदी हिस्सा पहले ही दे दिया है। यह चार्जिंग स्टेशन जनता के लिए होंगे। इसे मार्च, 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल देश में कुल 6,585 चार्जिंग स्टेशन हैं। नए 7,432 स्टेशनों से ईवी के चार्जिंग का नेटवर्क बढ़ेगा। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि इससे देश में ई-वाहन के परिवेश को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

**सेबी ने सहारा समूह से 6.5 करोड़ रुपये वसूले**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन, इसके प्रमुख सुब्रत रॉय और अन्य से 6.57 करोड़ का लंबित बकाया वसूल कर लिया है। नियामक ने कहा, वैकल्पिक तौर पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (ओएफसीडी) जारी करने के मामले में नियमों के उल्लंघन पर वसूली की गई है। सेबी ने कहा, 6.57 करोड़ रुपये के बकाये का भुगतान पूरा हो चुका है। इसमें ब्याज एवं अन्य शुल्क शामिल है। नियामक ने दिसंबर में उपरोक्त संस्थान एवं व्यक्तियों के बैंक एवं डीमैट खातों को जब्त कर दिया था।

# गोल्ड ज्वेलरी में अब नहीं हो सकेगी धोखाधड़ी, 1 अप्रैल से बाध्यकारी होगी हॉल मार्किंग

नई दिल्ली। गोल्ड हॉल मार्किंग अब 2 दिन बाद पूरे देश में अनिवार्य हो जाएगी। करीब 2 साल तक ज्वेलर्स को हॉल मार्किंग की बाध्यता से राहत देने के बाद केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से गोल्ड ज्वेलरी पर हॉल मार्किंग को हर हाल में बाध्यकारी बनाने का मन बना लिया है। सरकार इस बार हॉल मार्किंग की समय सीमा में और विस्तार देने के मूड में नहीं है। माना जा रहा है कि हॉल मार्किंग की बाध्यता लागू होने के बाद गोल्ड ज्वेलरी और गोल्ड ऑर्नामेंट्स के कारोबार में उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की संभावना खत्म हो जाएगी।

गोल्ड ज्वेलरी और गोल्ड ऑर्नामेंट्स की बिक्री के लिए 2019 से ही हॉल मार्किंग को अनिवार्य किया जाना था। देशभर के तमाम ज्वेलर्स संगठनों ने सरकार से ये कहकर राहत की मांग की थी कि उनके पास गोल्ड ज्वेलरी और गोल्ड ऑर्नामेंट्स का जो पहले से तैयार किया हुआ स्टॉक है, उसे खत्म करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए,



वरना उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। ज्वेलर्स एसोसिएशन की मांग पर हॉल मार्किंग की बाध्यता लागू करने की तारीख पिछले 2 सालों में कई बार बढ़ाई भी गई। अब केंद्र सरकार की ओर से साफ कर दिया गया है कि पुराने स्टॉक को निकालने के लिए ज्वेलर्स को पर्याप्त समय दिया जा चुका है। इसलिए अब इस समय सीमा में आगे कोई विस्तार नहीं किया जाएगा। गोल्ड हॉल मार्किंग लागू हो जाने के बाद गोल्ड ज्वेलरी या ऑर्नामेंट्स पर 6 अंकों वाला अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्क यूनीक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) अनिवार्य हो जाएगा। इससे सोने में मिलावट, उसकी शुद्धता और उसके निर्माता आदि से जुड़ी सभी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। इसके साथ ही आम उपभोक्ता जरूरत पड़ने पर देश भर में कहीं भी अपने सोने के गहने को हॉलमार्क में बताई गई शुद्धता के मानक के मुताबिक बेच या एक्सचेंज कर सकेंगे।

गौरतलब है कि अभी तक ज्वेलर्स सिर्फ अपने बेचे गए गहनों को ही अपनी बताई गई शुद्धता के हिसाब से वापस खरीदते हैं। दूसरे ज्वेलर्स के पास से बने गहनों में ज्वेलर बट्टा काट लेते हैं। यानी गहने की शुद्धता को अपने हिसाब से आंक कर उसकी कीमत लगाते हैं। ऐसा होने से उपभोक्ताओं को अक्सर नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही इस बात के भी आरोप लगते रहे हैं कि कुछ ज्वेलर कम शुद्धता यानी अधिक मिलावट वाली ज्वेलरी के अधिक शुद्ध होने का दावा कर उपभोक्ताओं को बेच देते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान का सामना करना पड़ता है। हॉलमार्क अनिवार्य होने के बाद अब ज्वेलर्स इस तरह की धोखाधड़ी नहीं कर सकेंगे।

## पैन को आधार से लिंक करने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ी

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने (स्थाई खाता संख्या) पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 30 जून कर दी है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीडीटी के मुताबिक करदाताओं को राहत देने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार को लिंक करने की समय-सीमा को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इससे पहले भी पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहली बार इसे 30 जून, 2022 तक बढ़ाया गया, जिसके बाद बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दिया गया था। बयान के मुताबिक आयकर कानून 1961 के तहत एक जुलाई, 2017 तक जिस भी व्यक्ति को पैन कार्ड जारी किया गया है। उसे अपने आधार के साथ पैन को लिंक करना अनिवार्य है।



सरकार ने एक अप्रैल, 2022 से पैन-आधार लिंक करने की फीस 500 रुपये रखी थी, जिसे एक जुलाई 2022 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया है। इससे पहले तय फीस का भुगतान कर 31 मार्च, 2023 तक पैन को आधार नंबर से जोड़ना था, जिसे तीन महीने और बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सीबीडीटी वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है। सीबीडीटी भारत में प्रत्यक्ष कर की नीतियों और योजनाओं के लिए आवश्यक निविष्टियां प्रदान करता है। यह आयकर विभाग के माध्यम से प्रत्यक्ष कर कानूनों के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। पिछले साल जुलाई में सरकार ने संसद को बताया था कि 46,70,66,691 (4.67 करोड़) लोगों ने पैन कार्ड को आधार नंबर से लिंक करा लिया है, जबकि देश में कुल 61,73,16,313 (6.17 करोड़) लोगों को पैन कार्ड जारी किया जा चुका है।

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय




बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 78.91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.47 डॉलर यानी 0.64 फीसदी उछलकर 73.67 डॉलर प्रति बैरल के स्तर कारोबार कर रहा है।

## एफसीआई प्रमुख ने कहा- गेहूं के निर्यात पर जारी रहेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा, जब तक देश खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए घरेलू आपूर्ति को लेकर सहज महसूस नहीं करता। एफसीआई चेयरमैन ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक देश आपूर्ति को लेकर सहज महसूस नहीं करता, तब तक गेहूं पर निर्यात प्रतिबंध जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि बेमौसम बारिश की वजह से गेहूं का उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है। बारिश के बावजूद इस साल गेहूं का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 11.2 करोड़ टन रहेगा। उन्होंने कहा कि ताजा गेहूं की फसल की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। मीणा ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश में करीब 10,727 टन गेहूं की



खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की गई है। कृषि मंत्रालय के दूसरे अनुमान के मुताबिक केंद्र सरकार ने फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 11 करोड़ 21.8 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने मई, 2022 में बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं का उत्पादक देश है।

# टेलिकॉम सेवा के 28 अधिकारियों को दी गई नई टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग

**- मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरे फेज गाजियाबाद के एनटीआईपीआरआईटी में हुआ**

नई दिल्ली। भारतीय टेलिकॉम सेवा को नई प्रौद्योगिकीय चुनौतियों का सामना करने की क्षमता हासिल करने के इरादे से पिछले दिनों टेलिकॉम सेवा के अधिकारियों के लिए एक पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे फेज के तहत यह ट्रेनिंग सेशन गाजियाबाद के नेशनल टेलिकम्युनिकेशंस इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग (एनटीआईपीआरआईटी) में हुआ।

आईटीएस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व महासचिव एएस मीना ने बताया कि 5 दिन के इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में इंडियन टेलिकॉम सर्विस के 28 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान अधिकारियों को 6-जी टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आपदा प्रबंधन से जुड़ी प्रौद्योगिकी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

दरअसल, देश ने पिछले कुछ सालों के दौरान प्रौद्योगिकीय क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन सभी प्रौद्योगिकी की सिद्धता होना काफी आवश्यक है।



खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विस्तार होने से आने वाले दिनों में इसके कामकाज से जुड़े हर फील्ड में इस्तेमाल होने की संभावना भी काफी बढ़ गई है। इसी तरह टेलिकॉम सेक्टर के विस्तार के लिहाज से भारत फिलहाल 5-जी के युग में पहुंच गया है।

कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6-जी के युग की ओर बढ़ने और उस दिशा में काम शुरू करने का ऐलान किया है। कुछ समय पहले तक प्रौद्योगिकी का आयात करने वाला भारत अब खुद स्वदेशी प्रोद्योगिकी की ओर आगे बढ़ गया है। ऐसे में देश में 6-जी की शुरुआत होने के पहले ही संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए इस नवीन प्रौद्योगिकी से परिचित और प्रशिक्षित होना भी काफी जरूरी हो गया है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन के दौरान टेलिकॉम सेक्टर की महत्ता काफी अहम होती है। सारे संपर्क सूत्र इस सेक्टर से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी ही संभालते हैं। इसलिए इस आपदा प्रबंधन से जुड़ी प्रौद्योगिकी का समुचित प्रशिक्षण भी टेलिकॉम सेक्टर के अधिकारियों के लिए आवश्यक हो गया है। मीना के मुताबिक भविष्य की इन सभी प्रौद्योगिकीय चुनौतियों का सफलता के साथ सामना करने के लिए ही मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे फेज के तहत 5 दिन के इस ट्रेनिंग सेशन के लिए टेलिकॉम सेवा के 28 अधिकारियों का चयन किया गया था। 5 दिन के इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन 1985 बैच के आईटीएस अधिकारी राजू सिन्हा की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनटीआईपीआरआईटी के डीजी मीना ने भी भाग लिया।

# अडाणी ग्रुप को करारा झटका, अडाणी ग्रीन पर सख्त हुआ निगरानी का दायरा

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप की कंपनियों की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने इस ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी को लॉन्ग टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर (एएसएम) फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज में डाल दिया है। इसका मतलब इस कंपनी के कारोबार पर स्टॉक एक्सचेंजों ने निगरानी और सख्त कर दी है। एनएसई और बीएसई का ये फैसला आज से ही प्रभावी हो गया है। अडाणी ग्रुप को एक्सचेंज के इस फैसले से जोरदार झटका लगा है। इसका असर आज ग्रुप की कंपनियों के शेयरों के कामकाज पर भी नजर आया। अडाणी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में से 5 कंपनियों के शेयर पर आज लोअर सर्किट लग गया। दूसरी ओर शेष 5 कंपनियों पर भी बिकवाली का जोरदार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से ये जोरदार गिरावट के साथ बंद हुईं।

आपको बता दें कि अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी टोटल गैस के शेयरों को पिछले सप्ताह शुक्रवार के दिन ही राहत देते हुए बीएसई और एनएसई ने लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज से पहले स्टेज में लाने का फैसला किया था। इसके बाद उम्मीद बंधी थी कि हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 फरवरी को आई रिपोर्ट के बाद




ग्रुप को लगे झटके से राहत मिलने की शुरुआत हो गई है।

अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी टोटल गैस के अलावा इस ग्रुप की दो अन्य कंपनियों एनडीटीवी और अडाणी ग्रीन एनर्जी को भी 17 मार्च को ही लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के पहले स्टेज में लाकर निगरानी शुरू की गई थी। लेकिन अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन को मिली राहत के बाद उम्मीद की जाने लगी थी कि इन दोनों कंपनियों को पहले स्टेज की निगरानी के बाद ही इस जांच से मुक्त कर दिया जाएगा। लेकिन अडाणी ग्रीन एनर्जी को लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज में करके स्टॉक एक्सचेंजों ने अडाणी ग्रुप को करारा झटका दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी पर निगरानी का दायरा सख्त करने का असर आज अडाणी ग्रुप कि सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के शेयर कारोबार पर भी साफ-साफ नजर आया। स्टॉक एक्सचेंजों की सख्ती के कारण ग्रुप की पांच कंपनियां जहां लोअर सर्किट के दायरे में पहुंच गईं, वहीं शेष पांच कंपनियां भी जोरदार गिरावट के साथ बंद हुईं। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयर आज 122.10 रुपये यानी 7.09 प्रतिशत टूट कर 1,600.85 रुपये के स्तर पर बंद हुए। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनामिक जोन के शेयर 35.70 रुपये यानी 5.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 593.40 रुपये के स्तर पर बंद हुए। जबकि अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर 49.75 रुपये यानी 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 935.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

इसके अलावा अडाणी पावर 9.15 रुपये यानी 5 प्रतिशत टूट कर 173.85 रुपये के स्तर पर, अडाणी टोटल गैस 47.90 रुपये यानी 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 909.95 रुपये के स्तर पर, अडाणी ट्रांसमिशन 53.40 रुपये यानी 5 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1015 रुपये के स्तर पर, अडाणी विल्मर 19.35 रुपये यानी 4.99 प्रतिशत फिसल कर 368.15 रुपये के स्तर पर, एनडीटीवी 9 रुपये यानी 4.22 प्रतिशत नरम होकर 173.5 रुपये के स्तर पर, एसीसी 71 रुपये यानी 4.21 प्रतिशत का गोता लगाकर 1,613.95 रुपये के स्तर पर और अंबुजा सीमेंट 11.05 रुपये यानी 2.99 प्रतिशत लुढ़क कर 358.95 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

जाहिर है कि 24 फरवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से लगे झटके का असर अडाणी ग्रुप लगातार झेल रहा है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 1.53 लाख करोड़ की चपत

मुंबई। पूरे दिन एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज सपाट स्तर पर मामूली कमजोरी के साथ बंद हुए। शेयर बाजार ने आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ की थी। शुरुआती कुछ मिनट की तेजी के बाद ही बिकवाली का जोरदार दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट का शिकार होकर बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, रियल्टी और पावर सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह आईटी, ऑटोमोबाइल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में भी बिकवाली होती रही। दूसरी ओर बैंकिंग सेक्टर के शेयर आज तेजी का रुख दिखाते रहे। छोटे और मंझोले शेयर में भी आज गिरावट का रुख बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.83 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

आज के कारोबार में आई कमजोरी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों के करीब 1.53 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर



252.06 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 253.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों के टोटल वेल्थ में आज करीब 1.53 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,644 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,053 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,494 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 100 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। दूसरी ओर एनएसई में आज 2,078 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 512 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,566 शेयर नुकसान उठाकर उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई के सेंसेक्स ने आज 97.64 अंक की तेजी के साथ 57,751.50 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 295.59 अंक की मजबूती के साथ 57,949.45 अंक तक उछला, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में लगातार गिरावट आती चली गई। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स 57,494.91 अंक तक लुढ़क भी गया। लेकिन आखिरी आधे घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी भी कर ली। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 40.14 अंक की कमजोरी के साथ 57,613.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी आज 46.05 अंक की मजबूती के साथ 17,031.75 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में निफ्टी भी खरीदारी के सपोर्ट से 17,061.75 अंक तक ऊपर गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 16,913.75 अंक तक गिर भी गया। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी 34 अंक की कमजोरी के साथ 16,951.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक 2.30 प्रतिशत, सूपीएल 2 प्रतिशत, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज 0.92 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 0.91 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

